ARCHA

2024-25

SH. L.N. HINDU COLLEGE, ROHTAK

A Govt. Aided Post Graduate Co-Educational College,
Affiliated to M.D. University, Rohtak, Approved by AICTE, New Delhi,
NAAC Accredited & ISO 9001: 2015 Certified Institute
Bhiwani Road, Rohtak

हमारे प्रेरणास्त्रोत



संत शिरोमणि
स्वामी गुरुचरण दास जी महाराज

संत शिरोमणि
बाबा लालनाथ जी महाराज

माननीय डॉ. मंगलसैन जी

संस्थापक, श्री लालनाथ हिन्दू महाविद्यालय, रोहतक

संत शिरोमणि स्वामी गुरुचरण दास जी महाराज

स्वामी श्री गुरुचरण दास जी का जन्म सन् 1890 में कश्मीर में हुआ। इनके बचपन का नाम पंडित कृपाराम था। बाल्य अवस्था में ही उन्होंने घर का त्याग कर दिया और ज्ञान प्राप्ति के लिए निकल पड़े। उनके गुरु का नाम स्वामी ब्रह्मदास था। स्वामी ब्रह्मदास झंग मधियाना के निवासी थे। श्री गुरुचरण दास जी आज़ादी के आन्दोलन में भी शामिल हुए और 1942 में जेल यात्रा की। इन्होंने पाकिस्तान, बर्मा, भूटान आदि देशों में धर्म प्रचार का कार्य किया। सन् 1947 में इन्होंने आश्रम का निर्माण करवाया। 1948 में वे रोहतक पहुंचे व श्री सनातन धर्म पुत्री पाठशाला की स्थापना की, जो आज दो विशाल भवन, पुत्री पाठशाला व कन्या उच्चतर विद्यालय के रूप में स्थित है। 1950 में उन्होंने दुर्गा भवन मंदिर का निर्माण बिरला मंदिर दिल्ली की तर्ज पर करवाया। इन्होंने अनेकों जगहों पर सनातन धर्म मदिरों का निर्माण करवाया जिसमें रोहतक का बजरंग भवन मंदिर व गुफा मंदिर प्रसिद्ध है। स्वामी जी अपने पूरे जीवनकाल में सामाजिक कार्यों में लीन रहे। 1962 में भारत चीन युद्ध में स्वामी जी ने 11 लाख रुपये की धन राशि सरकारी राहत कोष में दान दी। सन् 1971 में उन्होंने डॉ. मंगलसेन जी के साथ मिलकर श्री लालनाथ हिन्दू कॉलेज की नींव रखी, जो आज शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान है। सन् 1978 में स्वामी जी सांसारिक यात्रा पूरी करके प्रभु के चरणों में विलीन हो गए।

संत शिरोमणि बाबा लालनाथ जी महाराज

श्री लालनाथ जी का जन्म सन् 1725 में हुआ। वे जूना अखाड़े के महंत थे, जो आजकल गुजरात में है। गुरु जी से शिक्षा प्राप्त करके इन्होंने धर्म प्रचार का काम शुरु किया। सारे भारत का भ्रमण करते हुए और धर्म प्रचार करते हुए सन् 1812 में उन्होंने पूर्वी पाकिस्तान के झंग शहर के मेहता चौक पर धूनी लगाकर तपस्या की। झंग शहर में उन्होंने लक्ष्मी नारायण मंदिर बनवाया जो आज भी वहां स्थित है। उनके अनुयायी प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति थे। बाबा लालनाथ जी सामाजिक कुरीतियों के घोर विरोधी थे और वे जन-मानस में किसी भी भेदभाव के खिलाफ थे। उनके अनुयायियों ने पूरे भारत वर्ष में धर्म का प्रचार किया। बाबा लालनाथ जी शिक्षा के समर्थक थे। उनके पद चिन्हों पर चलते हुए उनके अनुयायियों द्वारा कॉलेज को भूमि प्रदान की गई ताकि रोहतक क्षेत्र के बच्चे शिक्षा से वंचित न रह सकें। सन् 1847 में उन्होंने अपना शरीर छोड़ दिया। उनके बाद श्री वासुदेव जी 18वें महंत रहे जिन्होंने कॉलेज को भूमि दान की।

माननीय डॉ. मंगलसैन जी

डॉ मंगल सेन जी का जन्म 27 अक्तूबर, सन् 1927 को सरगोधा के झांवरिया गांव (पाकिस्तान) में हुआ। आप अपने अध्ययन काल के प्रारंभ से ही एक कुशाग्र बुद्धि और होनहार छात्र थे। प्रारंभ से ही उनका जीवन समाज के लिए समर्पित रहा है । प्रखर राष्ट्रवादी होने के साथ-साथ राष्ट्रार्थ सब कुछ त्यागने की सदैव उनकी आकांक्षा रही। आपने बी. ए. , एल. एल. बी. तक की शिक्षा प्राप्त की तथा वे होम्योपैथिक चिकित्सक थे ।

हिंदुत्व, राष्ट्रवाद व भारतीय संस्कृति के सजग प्रहरी थे। आरम्भ से ही उनके व्यक्तित्व में आत्मविश्वास, निर्भीकता और सत्य निष्ठा इस प्रकार कूट-कूट कर भरी हुई थी कि किसी भी परिस्थिति में वे अपने सिद्धांतों से विचलित नहीं होते थे। वे परम निष्ठावान समाजसेवक थे, जो कि नि:स्वार्थ भावना से जीवन पर्यन्त कार्य करते रहे । हिंदी आंदोलन हो या गौ हत्या बंद करने संबंधी आंदोलन, कश्मीर समस्या हो या हरियाणा के हितों की रक्षा, पाकिस्तान या चीन के आक्रमण के समय में अथवा प्रत्येक सामाजिक व राष्ट्रीय संकट के क्षणों में उनकी अत्यंत सक्रिय भूमिका रही। 1946 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में उन्होंने अपना सार्वजिनिक जीवन प्रारंभ किया था । अनेक वर्षों तक जम्मू-कश्मीर प्रांत में कार्य किया । 1947 में जब कश्मीर पर आक्रमण हुआ तब आप उड़ी में थे। विभिन्न आंदोलन तथा सत्याग्रहों में 15 बार आप जेल गए तथा लगभग 6 वर्षों से अधिक कारावास की यात्राओं को सहा ।

''आयाराम - गयाराम'' की राजनीति में जहां राजनीति को कलंक लगा दिया है, राजनीति की आड़ में जहां स्वार्थ और भ्रष्टाचार व्याप्त हो रहा है ,वहा डॉक्टर साहब की छवि एक ईमानदार एवं देशभक्त राजनीतिज्ञ के रूप में रही है। उन्होंने सदा ही अपने सहयोगियों से नहीं, अपने विरोधियों से भी सम्मान प्राप्त किया था। आज की राजनीति में जहां नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाते हैं वहां इतने लंबे समय तक राजनीति में रहने के बाद भी उन पर इस प्रकार का आरोप नहीं लगा इसलिए उनकी आवाज़ में आत्म शक्ति थी, दबंगता थी ।

डॉक्टर साहब अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं शिक्षण संस्थानों से जुड़े हुए थे। 1971 में आपके ही कठोर परिश्रम एवं सद्प्रयत्नों से हिंदू कॉलेज की स्थापना हुई। मेडिकल कॉलेज एवं विश्वविद्यालय की स्थापना में आपका सक्रिय योगदान रहा। आपका यही प्रयास था कि शिक्षा के माध्यम से नवयुवकों में राष्ट्रचिंतन को एक दिशा मिले। उनके मन में भावी पीढ़ी के हृदय में राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने की उत्कंठ इच्छा थी ।

डॉक्टर साहब अलौकिक गुणों के धनी थे। कर्तव्य-परायणता, ईमानदारी एवं कर्मठता, निस्वार्थ तथा दृढ़ इच्छाशक्ति, त्याग, दूरदर्शिता एवं स्पष्टवादिता अनेक गुणों से विभूषित उस विराट पुरुष के गुण आज भी हमारी चेतना में जीते हैं। मृत्यु से कुछ समय पहले रोगों एवं कष्टों से घिरे होने पर भी उन्होंने कार्य करना नहीं छोड़ा। 2 नवंबर, 1990 को राम कार सेवा के लिए अस्वस्थ होते हुए भी अनेक कार्यकर्ताओं के साथ अयोध्या गए जहां उन्हें गिरफ्तार कर पीलीभीत जेल में रखा गया। भारत माता के इस अनन्य सपूत का 2 दिसंबर, 1990 को हृदयगति रुक जाने से देहांत हो गया ।

VISION

To be a leading institute with centre of excellence in education that meets the need of global community.

MISSION

To create an atmosphere of all- round excellence in education with the purpose of developing academically and professionally groomed students with sound knowledge, human values and professional ethics.

INSTITUTIONAL VALUES

The core values adopted by our college as fundamental principles are-

(i) Integrity-We work with integrity to meet the highest academic, professional and ethical standards.

(ii) Respect- We respect and honor the dignity of each individual and foster a diverse, inclusive and safe community.

(iii) Transparency & Accountability- We act with responsibility, and conduct our activities with complete and open transparency. We are accountable in our decisions, actions and their consequences.

(iv) Leadership- We develop and demonstrate leadership skills for students, staff and community.

(v) Teamwork- We work in a team and encourage collaborations.

(vi) Excellence- We relentlessly pursue excellence in education and research by fostering creativity and innovation for society's benefit.

(vii) Social Responsibility- We work together for the betterment of our college and communities we serve.

CONTENTS

Sr. No.	Name	Page No.
1.	Messages	1-7
4.	Editorial Board	8-9
5.	List of Office Bearers	10
6.	Annual Report (2024-2025)	11-17
7.	Visit of NAAC Peer Team in College Campus	18-26
8.	Glimpses From NCC	27-28
9.	Glimpses From NSS	29-30
10.	Glimpses From Youth Red Cross	31-32
11.	Glimpses From Yoga & Training Cell	33-34
12.	Glimpses From Student Welfare Department	35
13.	Glimpses From Women Cell	36
14.	Glimpses From Career Guidance Cell	37
15.	Glimpses From IPR Cell	38
16.	Glimpses From Students Counseling Cell	39
17.	Glimpses From Red Ribbon Club	40
18.	Glimpses From Ik Bharat Shreshth Bharat	41
19.	Glimpses From Sports	42
20.	Hindi Section	43-64
21.	Sanskrit Section	65-73
22.	English Section	74-94
23.	Commerce Section	95-115
24.	Science Section	116-128
25.	IT Section	129-146
26.	News Paper	147



संदेश

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि श्री लालनाथ हिन्दू कॉलेज, रोहतक द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका 'अर्चा' का प्रकाशन किया जा रहा है।

देश की भावी पीढ़ी के भविष्य को उज्ज्वल बनाने व उन्हें सभ्य, अनुशासित एवं एक सफल नागरिक बनाने में शिक्षा का महत्त्वपूर्ण योगदान है। वैश्वीकरण के इस युग में यह आवश्यक है कि हम विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करके उन्हें जीवन की हर चुनौती का सामना करने योग्य बनाएं।

मैं पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित !

मनीष कुमार ग्रोवर
पूर्व सहकारिता मन्त्री

संदेश

यह प्रसन्नता का विषय है कि हमारे कॉलेज के मुखपत्र के रूप में 'अर्चा' का प्रकाशन नियमित रूप से किया जा रहा है।

'अर्चा' एक ऐसी पत्रिका है जिसके माध्यम से हिन्दू शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित हिन्दू कॉलेज की समस्त गतिविधियों को उजागर किया जाता है। 'अर्चा' में प्रकाशित गतिविधियों के बारे में जानकारी, विद्यार्थियों द्वारा सम्पन्न विशिष्ट कार्यक्रम तथा प्रतिभा प्रदर्शन के अनेक उद्देश्यों के माध्यम से सभी को प्रेरणा मिलती है। इसके साथ अनेक प्रकार की रचनाएं तथा अन्य लेखन सामग्री से भी लाभ उठाया जा सकता है।

इस पत्रिका को आकर्षक तथा उपयोगी बनाने के लिए प्रकाशक मण्डल, प्राध्यापक वर्ग तथा विद्यार्थियों का योगदान सराहनीय है और ये सभी बधाई के पात्र हैं।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित !

Shyam Kapoor

श्याम कपूर
प्रधान
हिन्दू शिक्षण संस्थान, रोहतक

संदेश

यह प्रसन्नता का विषय है कि हमारे महाविद्यालय द्वारा हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी वार्षिक पत्रिका 'अर्चा' का प्रकाशन होने जा रहा है।

शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं, अपितु विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास के लिए उचित वातावरण तथा अवसर प्रदान करना भी है। ऐसी पत्रिकाओं के माध्यम से विविध रचनाओं के अध्ययन का भी अवसर प्राप्त होता ही है, साथ ही विद्यार्थियों में निहित लेखन प्रतिभा का भी विकास होता है।

आशा है कि यह पत्रिका अपने उद्देश्य में सफल रहेगी। पत्रिका से जुड़े सभी प्राध्यापक गणों तथा विद्यार्थियों को बधाई।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित !

संजय आहूजा
महासचिव
हिन्दू शिक्षण संस्थान, रोहतक

Message by PRINCIPAL

Dear Students, Faculty, and Readers,

It brings me great joy to present annual edition of our college magazine 'Archa' - a reflection of the vibrant energy, talent, and dedication that define our institution. A college is more than just classrooms and lectures-it's a space where ideas are born, friendships are formed, and futures are shaped. This magazine captures those moments, thoughts, and dreams that often go unnoticed in our daily rush. As you flip through these pages, I hope you pause, smile, reflect and feel proud to be part of this journey.

Various cells and clubs have made commendable contributions in shaping the holistic development of our students. Each event, campaign and competition reflect not only talent but also teamwork, leadership and a deep sense of social responsibility.

I extend my heartfelt appreciation to the editorial team, contributors and all those who have worked tirelessly to bring this edition to life with such care and creativity. Let us continue to keep learning, keep creating and keep celebrating the journey.

Warm wishes and happy reading!

With best regards,

Dr. Anil Kumar Taneja
Principal,
Sh. L.N. Hindu College, Rohtak

Message

Nurturing creativity and inspiring innovation are the two key elements of a successful education and a college magazine is the perfect amalgamation of both. I am glad to write this message for the 'Archa' Magazine. This Magazine will be a mirror reflecting the minds of our students and will showcase the journey of Sh. L.N Hindu college during the Academic session 2024-25.

I congratulate the Editorial team on their endeavour to bring out this Magazine and my good wishes to the staff and students.

Rashmi Chhabra

Dr. Rashmi Chhabra
IQAC, Coordinator
Sh. L.N. Hindu College, Rohtak

सम्पादकीय ...

प्रिय विद्यार्थियों,

महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'अर्चा' के माध्यम से आपको सम्बोधित करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। जहाँ छात्रों के ज्ञान की वाक्-शक्ति के प्रकटीकरण के लिए प्रायः सभी महाविद्यालयों में अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं एवं समारोहों का आयोजन होता है। वहाँ लेखन-शक्ति का भी विकास हो सके एतदर्थ-महाविद्यालय पत्रिका का प्रकाशन आवश्क हो जाता है।

कर्म जीवन का आधार है। कोई भी मनुष्य कर्म किए बिना नहीं रह सकता। प्रत्येक मनुष्य अपने स्वभाव के अनुसार कर्म करता है। अगर आप निष्क्रिय रहना चुनते हैं तो आप स्वयं को विनाश की ओर ले जाते हैं। प्रकृति को देखो-झर-झर करते झरने और तालाब के ठहरे पानी के अन्तर को समझो। ठहरा हुआ पानी गंदा और दुर्गन्धयुक्त हो जाता है जबकि बहता हुआ पानी स्वच्छ और शुद्ध रहता है । अगर आप जीवन में सफल होना चाहते हैं तो आपको निरंतर बहते हुए पानी का सिद्धांत अपनाना होगा। जैसे नदियाँ सभी रूकावटों का सामना करते हुए अंततः सागर में मिल जाती हैं उसी प्रकार आपको भी निरंतर परिश्रम, आत्मविश्वास व लगन से अपने लक्ष्य को पाना है।

'अर्चा' के सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करती हुई मैं विद्यार्थियों से अपेक्षा करती हूँ कि वे भविष्य में अधिक मौलिक एवं स्वतंत्र विचारों से सम्पन्न रचनाओं का योगदान कर 'अर्चा' को अधिक समृद्ध बनायें।

अंत में आपके उज्ज्वल, गरिमामयी व गौरवशाली भविष्य की अभिलाषा एवं शुभकामनाओं के साथ !

श्रीमती अनिला बठला
एसोसिएट प्रोफेसर
विभागाध्यक्षा, संस्कृत विभाग
मुख्य-संपादिका, अर्चा

सम्पादकीय ...

प्रिय विद्यार्थियों,

हम सब सामाजिक प्राणी हैं और साहित्य का जन्म समाज की संवेदनाओं के स्पंदन से होता है। साहित्यकार की कलम से निकले शब्द समाज के विचारों, मूल्यों और भावनाओं को एक नई दिशा देते हैं। श्रेष्ठ साहित्य का प्रभाव व्यापक और स्थायी रूप में पड़ता है। साहित्य के माध्यम से हम जीवन के अनुभवों को आत्मसात कर संस्कारित होते हुए संस्कृति के रंग में रंगते हैं।

इस पत्रिका के सह-संपादिका के रूप में, मेरा सौभाग्य है कि मैं इस सृजनात्मक प्रक्रिया की भागीदार बनी। यह अंक केवल एक संकलन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की रचनात्मक ऊर्जा, उनकी सोच और उनके भीतर छिपे विचारों की एक जीवंत झलक है।

आज जो बीज हम बोएंगे, वही कल वृक्ष बनकर छाया देंगे। वर्तमान की नींव पर ही हमारा भविष्य खड़ा होगा। इसलिए विद्यार्थी जीवन में मेहनत, लगन, आत्मविश्वास और दृढ़-संकल्प के साथ ज्ञानार्जन करते हुए हमें शिक्षा और सद्गुणों को आत्मसात करना चाहिए।

सही मार्ग पर किया गया छोटा-सा भी प्रयास हमारी पहचान स्पष्ट कर सकता है। विद्यार्थी जीवन में समय के महत्व को पहचान कर जो परिश्रम करते हैं, उनके मार्ग की असावधानियाँ भी सध जाती हैं। इसलिए उठो, जागो और लक्ष्य पथ पर बढ़ते रहो, सफलता अवश्य तुम्हारा स्वागत करेगी।

अब्दुल कलाम जी लिखते हैं-

अगर तुम सूरज की तरह चमकना चाहते हो, तो पहले सूरज की तरह जलना सीखो।

इन्हीं आशाओं और अपेक्षाओं के साथ, आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ!

Suman

डॉ० सुमन रानी
सहायक प्राध्यापिका, हिन्दी विभाग
सह-सम्पादिका, अर्चा

EDITORIAL BOARD

Patron
Dr. Anil Kumar Taneja
Principal

Editor in Chief
Mrs. Anila Bathla
Associate Professor of Sanskrit

Co Editor
Dr. Suman Rani
Assistant Prof. of Hindi

STAFF EDITORS

Dr. Sumit Kumari Dahiya
English Section

Dr. Geeta Devi
Hindi Section

Dr. Deepti Sharma
Commerce Section

Ms. Pratibha Saini
Science Department

Dr. Parveen Sharma
Sanskrit Section

Dr. Reena Katyal
IT Section

ARCHA
2024-25

STUDENT EDITORIAL BOARD

LATIKA
B.A. 3rd, (10009)

TRIPTI
B.A. 3rd, (10073)

PRIYA
B.A. 3rd, (10005)

KASHISH
B.Com 2nd, (13631)

HARSH
B.C.A. 3rd, (11477)

KIRAN
B.Sc. 3rd, (11118)

Sections	Staff Editors	Student Editors
English	Dr. Sumit Kumari Dahiya	LATIKA, B.A. 3rd
Sanskrit	Dr. Parveen Sharma	TRIPTI, B.A. 3rd
Hindi	Dr. Geeta Devi	PRIYA, B.A. 3rd
Commerce	Dr. Deepti Sharma	KASHISH, B.Com 2nd
IT	Dr. Reena Katyal	HARSH, B.C.A. 3rd
Science	Ms. Pratibha Saini	KIRAN, B.Sc. 3rd

Hindu Education Society (Regd.), Rohtak
List of Office Bearers - 2025

Sr. No.	Name	Post
1.	Sh. Shyam Kapoor	President
2.	Sh. Ramesh Sehgal	Former President
3.	Sh. Rajesh Kumar Sehgal	Former President
4.	Sh. Sudarshan Kumar Dhingra	Former President
5.	Sh. Ajay Nijhawan	Vice-President
6.	Sh. Sanjay Ahuja	General Secretary
7.	Sh. Jatin Luthra	Treasurer
8.	Sh. Pardeep Sapra	Vice-President
9.	Sh. Gulshan Dhingra	Vice-President
10.	Sh. Radhey Shyam Dhall	Vice-President
11.	Sh. Devender Aghi	Vice-President
12.	Sh. Bharat Bhushan Bhatia	Manager (HCR)
13.	Sh. Rajesh Makkar	Manager (SFS, HCR)
14.	Sh. Jitender Mehta	Manager (HIMT)
15.	Sh. Gulshan Rai Dhall	Manager (HPS)
16.	Sh. Ashok Pasrija	Joint Secretary
17.	Sh. Vishal Bhatia	Joint Secretary
18.	Sh. Basant Uppal	Joint Secretary
19	Sh. Kushal Harjai	Joint Secretary

वार्षिक प्रतिवेदन (2024-25)

श्री लालनाथ हिन्दू महाविद्यालय, रोहतक (हरियाणा)

श्री लालनाथ हिन्दू महाविद्यालय, जो कि महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक से सम्बद्ध है, पिछले कई वर्षों से शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान दे रहा है। किसी भी देश, समाज तथा लोकतंत्र के सशक्त भविष्य के लिए एकमात्र साधन है- शिक्षा, इसलिए उच्च शिक्षा की उपयोगिता एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सन् 1970 में हिन्दू शिक्षण संस्थान पंजीकृत हुआ। संत शिरोमणि 1008 स्वामी श्री गुरुचरण दास जी के आशीर्वाद तथा माननीय डॉ० मंगलसैन जी के सद्-प्रयासों एवं दानवीर महापुरुषों के योगदान से 1971 में हिन्दू महाविद्यालय की स्थापना की गई।

इस महाविद्यालय की स्थापना का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास कर ऐसे आदर्श चरित्रवान एवं देशभक्त नागरिकों का निर्माण करना है जिनके मुखमण्डल पर आभा, प्रसन्नता, जीवन में तेजस्विता, व्यवहार में कुशलता, बुद्धि में कुशाग्रता तथा संस्कारों में भारतीय महापुरुषों के उच्चादर्श झलकते हों और जिन्हें देखते ही हमें अपने पूर्वजों की वीरतापूर्ण गाथाएं याद आने लगें।

हिन्दू शिक्षण संस्थान की प्रबंध समिति के कुशल संचालन से गत् वर्षों में इस महाविद्यालय ने हरियाणा के शैक्षणिक मानचित्र पर रोहतक जिले में अपना एक विशेष स्थान बनाया है।

श्री लालनाथ हिन्दू महाविद्यालय, रोहतक महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक से कला, विज्ञान एवं वाणिज्य की शिक्षा हेतु संबंधित है।

ARTS, SCIENCE & COMMERCE

Arts - B.A., M.A., (Hindi), BAJMC.

Commerce- B.Com., B.Com. (Vocational), B.Com. (Honours), M.Com.

Science - B.Sc. (Medical & Non Medical), M.Sc. Maths

इसके अतिरिक्त Hindu Institute of Management & Technology (HIMT) के अन्तर्गत MCA , MBA तथा BCA कक्षाओं के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। महाविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संबंधी गतिविधियों एवं उनमें प्राप्त उपलब्धियां प्रारंभ से ही रोहतक क्षेत्र के विद्यार्थियों का आकर्षण का केन्द्र रही हैं।

वर्तमान सत्र 2024-25 में 1723 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। छात्र-छात्राओं को केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार तथा अन्य संस्थाओं से प्राप्त विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियां नियमानुसार उपलब्ध एवं सुलभ कराने के सभी प्रयास किए जाते हैं। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित स्थानों पर नियमानुसार प्रवेश दिया जाता है। सत्र 2024-25 में कॉलेज के विभिन्न विभागों द्वारा कई शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

हिन्दी विभाग

हिन्दी विभाग में डॉ० अंजू देशवाल (विभागाध्यक्षा), डॉ० सुमन रानी, डॉ० गीता, डॉ० सीमा, श्रीमती किरण देवी के मार्गदर्शन में हिन्दी दिवस पर गायन प्रतियोगिता व समाचार वाचन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

अंग्रेजी विभाग

अंग्रेजी विभाग में डॉ० शिखा फौगाट (विभागाध्यक्षा), डॉ० सुमित कुमारी दहिया, डॉ० हर्षिता, डॉ० रौनक सिंह के मार्गदर्शन में सात दिवसीय सामाजिक कल्याण अभियान, 'द मंकीज पा नाटक' दिखाया गया ।

संस्कृत विभाग

संस्कृत विभाग में श्रीमति अनिला बठला (विभागाध्यक्षा), डॉ० प्रवीण कुमार के मार्गदर्शन में शिव स्तुति गायन प्रतियोगिता, वैदिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता गतिविधियों आदि का आयोजन करवाया गया।

राजनीति शास्त्र विभाग

राजनीति शास्त्र विभाग में डॉ० रजनी कुमारी (विभागाध्यक्षा), डॉ० प्रोमिला के मार्गदर्शन में भाषण प्रतियोगिता, शपथ ग्रहण समारोह, 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' आदि गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।

इतिहास विभाग

इतिहास विभाग में डॉ० नीलम (विभागाध्यक्षा), डॉ० हरदीप सिंह के मार्गदर्शन में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, शैक्षणिक भ्रमण (राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली), का आयोजन करवाया गया।

गणित विभाग

गणित विभाग में डॉ० मीनाक्षी गुगनानी (विभागध्यक्षा), डॉ० सन्नी कपूर, कुमारी सोनम, डॉ० प्रियंका साहनी, श्रीमती संतोष के मार्गदर्शन में मेथेमैटिक्स रंगौली एवं मेथेमैटिकस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

शारीरिक शिक्षा विभाग

शारीरिक शिक्षा विभाग में डॉ० प्रदीप कुमार श्योराण, श्रीमती मौसम के मार्गदर्शन में खो-खो (महिला), लॉन टेनिस (महिला), किक्रेट मैच आदि गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।

वाणिज्य विभाग

वाणिज्य विभाग में डॉ० रश्मि छाबड़ा (विभागाध्यक्षा), डॉ० शालू, डॉ० दीप्ति, डॉ० राजेश गहलावत के मार्गदर्शन में विस्तार व्याख्यान 'डीकोडिंग बजट', फ्रॉड बैंकिंग 45 दिवसीय टैली एसोसिएशन लेवल प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम, 45 दिवसीय जी.एस.टी. ऑन टैली प्राइम, विस्तार व्याख्यान, कॉपीराइट ट्रेडमार्क, पेंटेट आदि गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।

अर्थशास्त्र विभाग

अर्थशास्त्र विभाग में डॉ० बंदना रंगा (विभागाध्यक्षा), डॉ० संदीप कुमार, श्रीमती चंदना जैन, के मार्गदर्शन में पावर प्वांइट प्रस्तुतीकरण, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला (2025), नई दिल्ली, एक दिवसीय शैक्षणिक ट्रिप भ्रमण, साप्ताहिक सामाजिक कल्याण अभियान, एक दिवसीय सूरज कुण्ड मेला (2025) फरीदाबाद आदि गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।

संगीत विभाग

संगीत विभाग में डॉ० रिचा एवं कुमार अक्षय के मार्गदर्शन में अभिविन्यास कार्यक्रम, प्रतिभा खोज प्रतियोगिता, हरियाणा शहीदी दिवस, लोहड़ी, गणतंत्र दिवस आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।

कम्प्यूटर साईंस विभाग

कम्प्यूटर साईंस विभाग में डॉ० पूजा चावला (विभागाध्यक्षा), डॉ० रीना कत्याल, डॉ० प्रीति यादव, श्रीमती प्रीति भारद्वाज, श्रीमती मधु विज के मार्गदर्शन में पाइथन पाठ्यक्रम कोर्स, माइक्रोसोफ्ट ऐक्सेल पाठ्यक्रम कोर्स, ब्रोशर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

गृह विज्ञान विभाग

गृह विज्ञान विभाग में डॉ० ममता सहगल के मार्गदर्शन में फैब्रिक पेंटिंग, पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

विज्ञान विभाग

विज्ञान विभाग में डॉ० पूजा चावला, श्रीमती रीतू कुमारी, प्रतिभा, डॉ० सविता, डॉ० मनीष, कुमारी मनीषा एवं कुमारी स्वाति के मार्गदर्शन में वैज्ञानिक रंगोली प्रतियोगिता, ओजोन दिवस पर स्लोग्न एवं पोस्टर प्रतियोगिता राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी, साईंस भाषण प्रतियोगिता आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।

पत्रकारिता और जनसंचार विभाग

पत्रकारिता और जनसंचार विभाग में डॉ० सुमित कुमार के मार्गदर्शन में अमर उजाला भ्रमण, हरियाणा फिल्म महोत्सव व रील मेकिंग महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में भाग लिया।

एन.सी.सी. प्रकोष्ठ

एन.सी.सी प्रकोष्ठ में डॉ० राजेश गहलावत, डॉ० हरदीप के मार्गदर्शन में विस्तार व्याख्यान, स्वास्थ्य जाँच शिविर, रक्तदान शिविर, रैंक समारोह आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।

यूथ रेडक्रॉस प्रकोष्ठ

यूथ रेडक्रॉस प्रकोष्ठ के अन्तर्गत डॉ० शालू, डॉ० हरदीप, डॉ० नीलम के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर, राष्ट्रीय मतदान दिवस, ग्रामीण स्वास्थ्य जाँच शिविर आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

राष्ट्रीय सेवा योजना में डॉ० रजनी कुमारी (यूनिट-1) डॉ० प्रवीन कुमार (यूनिट-2) के मार्गदर्शन में सात दिवसीय कार्यशाला, शैक्षणिक जागरूकता अभियान पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन, स्लम क्षेत्र में दान अभियान आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।

योग प्रशिक्षण प्रकोष्ठ

योग प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के अन्तर्गत श्रीमती अनिला बठला और डॉ० रौनक राठी के मार्गदर्शन में सात दिवसीय साप्ताहिक सूर्य नमस्कार शिविर और अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन करवाया गया।

महिला प्रकोष्ठ

महिला प्रकोष्ठ में डॉ० प्रोमिला, कुमारी सरयू के मार्गदर्शन में तीज महोत्सव, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर (300वां जन्म जयंती वर्ष), अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस आदि का आयोजन करवाया गया।

एक भारत - श्रेष्ठ भारत

एक भारत - श्रेष्ठ भारत प्रकोष्ठ के अन्तर्गत डॉ० नीलम के मार्गदर्शन में भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

छात्र परामर्श प्रकोष्ठ

छात्र परामर्श प्रकोष्ठ में श्रीमती चंदना जैन के मार्गदर्शन में टीचर्स डे बेस्ट मैसेज कंटेंट, विस्तार व्याख्यान, आई.बी.एम. गुरूग्राम शैक्षणिक भ्रमण आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।

छात्र/छात्रा कल्याण प्रकोष्ठ

छात्र/छात्रा कल्याण प्रकोष्ठ में डॉ० अन्जू देशवाल, डॉ० रजनी कुमारी, डॉ० हर्षिता, डॉ० रिचा के मार्गदर्शन में अभिविन्यास कार्यक्रम, प्रतिभा खोज, हरियाणा शहीदी दिवस, विस्तार व्याख्यान आदि विभिन्न गतिविधयों का आयोजन करवाया गया।

करियर गाइडेंस सेल

करियर साइसेंस सेल के अन्तर्गत डॉ० सन्नी कपूर, श्रीमती प्रीति यादव एवं श्रीमती मधु विज के मार्गदर्शन में प्लेसमेंट ड्राइव इन कॉलोब्रेशन अमर उजाला, ऐथिक्स कम्प्यूटर, एक्सिस बैंक, शैक्षणिक भ्रमण आई.बी.एस. गुरूग्राम बूट कैम्प कार्यशाला एमिटी विश्वविद्यालय इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ

बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रकोष्ठ के अन्तर्गत डॉ० सुमन रानी, डॉ० दीप्ति, श्रीमती चंदना जैन, कुमारी प्रतिभा व सविता देवी के मार्गदर्शन में विस्तार व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। जिसका विषय कॉपीराइट, ट्रेडमार्क पेटेंट रहा।

विश्वविद्यालय आउटरीच कार्यक्रम

विश्वविद्यालय आउटरीच कार्यक्रम के अन्तर्गत डॉ० हरदीप के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर, ग्रामीण स्वास्थ्य जाँच शिविर आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ

कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के अन्तर्गत डॉ० संदीप कुमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मतदाता दिवस, पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।

रेड रिबन प्रकोष्ठ

रेड रिबन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत डॉ० हर्षिता, डॉ० सुमित कुमारी दहिया के मार्गदर्शन में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता, रक्तदान शिविर, वर्ल्ड एड्स डे, जागरुकता अभियान आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।

VISIT OF NAAC PEER TEAM IN COLLEGE CAMPUS

NAAC Peer Team Welcome

IQAC Cell

Commerce Department

Career Guidance Cell

NCC

NSS

YRC

Student Welfare Department

Library

Women Cell

Skill Development Centre

Language Lab

Computer Science Lab

Presentation By Principal

Presentation By IQAC Coordinator

Presentation By Computer Science Deptt.

Presentation By Sanskrit Deptt.

Interaction with Faculty Members

Cultural Evening

Science Laboratories

Home Science Lab

Sports Room

Boys Common Room

Meeting with Students

MEETING WITH ALUMNI

Exit Meeting

Glimpses From NCC

Glimpses From NCC

Glimpses From NSS

Glimpses From NSS

Glimpses From Youth Red Cross

Glimpses From Youth Red Cross

Glimpses From Yoga & Training Cell

Glimpses From Yoga & Training Cell

Glimpses From Student Welfare Department

Glimpses From Women Cell



Glimpses From Career Guidance Cell

Glimpses From IPR Cell

Glimpses From Students Counseling Cell

Glimpses From Red Ribbon Club

Glimpses From Ik Bharat Shreshth Bharat

Glimpses From Sports

हिन्दी अनुभाग

रामधारी सिंह दिनकर

दो में से क्या तुम्हें चाहिए कलम या कि तलवार
मन में ऊंचे भाव कि तन में शक्ति विजय अपार

डॉ० गीता देवी
सह-प्राध्यापिका (हिन्दी विभाग)

आलेख सूची

क्र. सं.	विषय	लेखक का नाम
1.	शिक्षकों पर भावुक कविता	प्रिया
2.	मंज़िल	नीलम
3.	साइबर क्राइम	राहुल हुड्डा
4.	संकल्प	कर्ण
5.	आत्मविश्वास	कृष्ण
6.	ऐ राह के मुसाफिर तू चला चल	कर्ण
7.	शिक्षक	विश्वजीत सिंह
8.	पिता-एक लेखक	मोहित
9.	आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस	शिवम आर्य
10.	नारी सशक्तिकरणः चुनौतियाँ एवं सुझाव	सानवी
11.	प्रकृति	मनीषा
12.	नशा मुक्त भारत	शिल्पा
13.	''चले चलो''	अंजली सहरावत
14.	समय का सदुपयोग	अनमोल
15.	राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका	अरूण
16.	अहिंसा परमो धर्मः	महेश्वरी
17.	सफलता की राहः आत्मविश्वास और परिश्रम	प्रिया
18.	कुछ खूबसूरत रिश्ते	तन्नू
19.	''आज मेरी बारी है''	साक्षी
20.	सोशल मीडिया की लतः एक बढ़ती हुई समस्या	करण कुमार
21.	बचपन	रितु रानी
22.	स्कूल की यादें	अर्शप्रीत
23.	युवा शक्ति	गर्विता
24.	ज़िन्दगी	पलक
25.	नारी का सम्मान	गर्विता

डॉ० गीता देवी
सह-प्राध्यापिका
(हिन्दी विभाग)

सम्पादकीय ...

कहा गया है कि जो मनुष्य साहित्य, संगीत तथा कला से विहीन है वह साक्षात् बिना पूंछ और सींगो वाला पशु ही है। संसार के सारे पशुओं में से केवल मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जो हँस सकता है और खुशियाँ मना सकता है। नवरस के क्रोध, शाँत, वीर, विभत्स, श्रृंगार आदि भावों को समझ और अभिव्यक्त कर सकता है। किसी मधुर गीत को सुनकर, किसी सुंदर नृत्य की भाव-भंगिमाओं को देखकर, किसी मनोहर चित्र में रंगों की अनुपम छटा को देखकर या कोई सुरुचिपूर्ण कथा-कहानी को सुनकर मनुष्य प्राणी प्रफुल्लित हो सकता है।

परंतु कुछ मनुष्य ऐसे होते हैं जिन्हें इन कलाओं से कोई लेना देना नहीं होता है। खाना, पीना, डरना, सोना और स्वयं की सुरक्षा करना और निजी परिवार बढ़ाना जैसे प्रकृतिबद्ध काम तो सब पशु भी कर लेते हैं। यदि हम मानव भी मात्र यही काम करते रहे, तो हममें और अन्य प्राणियों में अंतर ही नहीं रहेगा। मात्र कलात्मकता एवं कल्पनाशीलता ही ऐसे गुण है जो हममें और अन्य पशुओं में भेद बनाते हैं। यह सब संभव है साहित्य, संगीत और कला से संस्कारित होने पर। कलाओं का रसपान पशु नहीं कर सकते हैं। केवल मनुष्य ही भाग्यशाली है जिसे प्रकृति ने ये क्षमता और समझ प्रदान की है।

लोकसंगीत की उत्पत्ति एक प्राकृतिक प्रक्रिया से हुई है, जो मनुष्य के विकास के साथ ही प्रारम्भ हुआ। अतः लोकसंगीत का जन्म लोकमानस से हुआ है अर्थात् मानव संस्कृति पर आधारित, मानव द्वारा निर्मित मानव समाज में प्रचलित संगीत ही लोकसंगीत है।

शास्त्रीय संगीत के क्लिष्ठ बंधनों से मुक्त लोक संगीत परिश्रम करते किसान, मांझी, मजदूर आदि सभी के लिए उपलब्ध एवं सहज ग्राह्य है। सामान्य लोकव्यवहार के उपयोग में लाने के लिए मानव अपने आनन्द की तरंग में जो छन्दोबद्ध वाणी सहज उद्भूत करता है, वही लोकगीत है। लोक के गीत हैं। जिन्हें कोई एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरा लोक समाज अपनाता है।

शिक्षकों पर भावुक कविता

प्रिया
बी.ए. तृतीय वर्ष (10005)



सालों से बिताए उस कक्षा के दिन,
शिक्षक की बातों में बसी थी सुकून की मिठास।
गहरी समझ से भरपूर, स्नेह से भरे हुए,
हर कठिनाई को उन्होंने समझाया, एक नई राह दी।

जब भी झुके थे कंधे, दिल से महसूस की उनके दर्द की आह,
हर शिकायत को उन्होंने देखा, प्यार से हल किया हर सवाल।
उनकी मेहनत की छाँव में, बढ़े कदम हमारे,
उनके शब्दों में था ज्ञान, जो हमें छू गया था गहरे।

समय के साथ जब बिछडे, दिल में बस गई यादें पुरानी,
उनकी छोटी-छोटी बातें, उनकी वो बातें जिंदगानी।
हर सफलता की खुशी में, उनका आशीर्वाद याद आया,
उनके बिना सफर अधूरा,
हर लम्हा उनकी कमी का एहसास दिलाया।

अब जब भी जीवन की राहें कठिन लगें,
उनके चेहरे की मुस्कान, दिल को सुकून पहुंचाए।
सच्चे शिक्षक, उनके चरणों में श्रद्धा और सम्मान,
उनकी यादें हमेशा, हमारे दिलों में बसी है
अमर, अडिग और महान।

मंज़िल

नीलम
बी.ए. द्वितीय वर्ष (13220)

आज समय का महत्त्व नहीं है हमें - 2
चले जाने पर बहुत रूलाएगा ये हमें।
आज का काम कल करना आम हो गया - 2
इसलिए ही तो जिन्दगी में जीना हराम हो गया।
आसान नहीं है, मंजिल को पाना - 2
मंजिल पाने को बहुत कुछ छोड़ना पड़ गया।
जिन्दगी की राह आसान नहीं लेकिन,
हम भी हार मानकर बैठने वाले इंसान नहीं।
माना जिन्दगी सुख-दुख दिखाएगी,
कभी रुलाएगी तो कभी हँसाएगी।
परन्तु इन सब के चलते हमें कोई रोक दे,
ऐसी कोई बात नहीं।
यूँ हीं लड़ती चली जाऊंगी, हर दुःख, आँसु पी जाऊँगी।
माना मंजिल दूर है मेरी,
पर फिर भी अपने इरादों में दम भरती जाऊँगी।
अभी आसमान है मेरा, मुझ से नहीं होगा,
मैं ऐसा कहकर रूक नहीं जाऊँगी।
अभी उड़ान बाकी है मेरी, मैं दिन-रात एक कर,
मंजिल को अपनी हासिल कर जाऊँगी।
कोई साथ नहीं है मेरे, मैं अपनी अहमियत समझाऊँगी।
कोई चाहे कुछ कहे, समाज को साबित कर दिखाऊँगी,
हाँ! एक नारी हूँ मैं! पुरुषों से आगे जाऊँगी।

कौन कहता है कामयाबी ज़िन्दगी तय करेगी मेरी,
मेरे इरादों में दम इतना है, मंज़िले झुका करेगी मेरी।
मैं अपनी कमज़ोरी को ही अपनी ताकत बनाऊँगी
और मंज़िल को पा जाऊँगी,
मत समझना कमज़ोर मुझे, तुमसे ज्यादा दम रखती हूँ।
तुम भी अपनी मंज़िल हासिल कर सकते हो,
बस किसी की सुनके हौंसले बिखरने मत देना।
खुद को टूटने मत देना,
बहुत मिलेंगे तुम्हें रोकने वाले,
बस तुम खुद को रुकने मत देना।



साइबर क्राइम

राहुल हुड्डा
बी.ए. तृतीय वर्ष (10309)

आज का युग तकनीक का युग है। कम्प्यूटर, इंटरनेट का युग है।आज प्रत्येक व्यक्ति चाहे वह व्यस्क है, बच्चा या फिर बूढ़ा सब विभिन्न तकनीकी उपकरणों का प्रयोग कर रहे हैं। जिसमें एंड्रॉयड मोबाइल का प्रयोग सबसे अधिक संख्या में देखने को मिल रहा है। उसने हमारी बहुत सी परेशानियों को खत्म कर दिया है। आज प्रत्येक व्यक्ति अपना कार्य फोन पे ही पूरा कर सकता है। वह घर रहकर अपना आधार कार्ड अपडेट करवा सकता है, बैंक में खाता खोल सकता है, रेलवे टिकट बुक कर सकता, होटल बुक कर सकता है, अपने बिलों (बिजली, पानी) आदि का भुगतान कर सकता है, कुछ भी जानकारी प्राप्त कर सकता है। गेम्स खेल सकता है, तथा और भी बहुत कुछ कर सकता है। परंतु क्या वह इसका प्रयोग उचित प्रकार से कर पाता है या नहीं? बहुत बड़ी संख्या में लोग मोबाईलों का प्रयोग तो आवश्य करते है, परंतु वे इसके प्रति पूर्ण जागरुक नही हैं। जैसे आज लोग प्ले-स्टोर से बहुत सी 'एप' जो फेक होती हैं, उनको इंस्टॉल कर लेते हैं। और बिना दिशा-निर्देश पढ़े सब टिक कर परमिशन दे देते हैं, जिससे उपयोगकर्ता को बाद में नुकसान होता है। बहुत से बच्चे तो पब-जी, फ्री-फायर जैसे गेम्स में अपना सारा दिन व्यतीत कर रहे हैं। जिससे उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। कुछ लोग स्टॉक मॉर्केट में निवेश वाली एप्स भी इंस्टॉल कर लेते हैं। लोगों को जानकारी होती नहीं कि स्टॉक मॉर्केट क्या है। आर. बी.आई के क्या दिशा निर्देश हैं, कैसे इंवेस्टमेंट करते हैं। वे मनी इंवेस्ट जरूर करते हैं जिससे उनका पैसा डूब जाता है।

आज सबसे ज्यादा लोग विंजो, जूपी, ड्रीम-11 इत्यादि ऑनलाइन गेम्स खेलते हैं, जिनमें पैसे दाव पर लगाने पड़ते हैं, लोग खुशी से, कि हम जीतेगें ही, पैसे लगाते और खेलते हैं इससे भी उनका ही नुकसान होता है। एक तो समय की बर्बादी, और दूसरा धन की। इसके अलावा 5 मिनट में लोन देने वाली फेक एप्स पर भरोसा कर इंस्टॉल करते हैं और जैसे-जैसे वो कहते हैं, सारे ओरिजनल दस्तावेज, ई-के.वाई.सी, ओ.टी.पी वगैरह देते जाते हैं, फिर इन लोगों के साथ धोखा हो जाता है। इसके अलावा और बहुत सी एप्लीकेशन हैं, जिनसे लोगों को नुकसान ही होता है। इसलिए सभी को जागरुक होना बहुत जरूरी है। खुद भी सावधानी का प्रयोग करें व दूसरों को भी जागरुक करें। जितना ऑनलाइन आज एक वरदान है एक क्लिक में सब हो जाता है, उतना ही अभिशाप भी है। क्योंकि एक गलत क्लिक से आपका फोन हैक भी हो सकता है। हम इन एप्लीकेशन का प्रयोग कर सकते हैं, परंतु पहले इसके बारे में जाँच पड़ताल करें। अगर वह ठीक है तो उसका प्रयोग करें, अन्यथा न करें। आज हमारे विषय में सबसे अधिक अगर कोई जानता है तो वो हमारा मोबाईल है। हम सब इसके गुलाम बनते जा रहे हैं। डाटा रिकवरी सबसे बड़ा खतरा है। हमारा डाटा हमारे विरुद्ध एक हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। इसलिए मोबाईल पर निर्भरता कम रखें। हर हफ्ते मोबाईल रिकवर अपडेट करें। अपनी तीनों पॉवर किसी को न दें। अगर हम छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगे तो हम अवश्य ही सुरक्षित रहेंगे। इसलिए जागरूक रहें, सर्तक रहें।

संकल्प

कर्ण
एम.ए. प्रथम वर्ष (2422008)

दृढ़ है संकल्प, तो विकल्प नहीं ढूँढना,
निश्चय जब कर लिया, तो संकल्प नहीं तोड़ना।

खुद पर विश्वास और मन में उमंग हो,
कौशल के साथ अगर साहस का संग हो।
किसी भी काम को, अधर में नहीं छोड़ना।
निश्चय जब कर लिया .....

रात्रि एक दिन सुबह के साथ आयेगी,
अंधकार चिरकार प्रकाश साथ लाएगी,
ठान लिया एक बार मुँह नहीं मोड़ना।
निश्चय जब कर लिया .....

विचार को विचार कर,
दृष्ट को दुलार कर,
एक बार समझ कर हाथ नहीं छोड़ना।
निश्चय जब कर लिया .....

जीत के लिए तो संकल्प शुद्ध चाहिए,
आलस प्रमाद के विरुद्ध युद्ध चाहिए,
हारकर किसी से तू हाथ नहीं जोड़ना।
निश्चय जब कर लिया .....

आत्मविश्वास

कृष्ण
बी.कॉम. प्रथम वर्ष (2462036)

ये आसमाँ छिन गया तो क्या ?
नया ढूँढ लेगें। हम वो परिंदे नहीं,
जो उड़ना छोड़ देगें।

मत पूछ हौंसले हमारे,
आज कितने ही श्रब्ध हैं,
इक नई शुरुआत,
नया आरम्भ तय है...
माना अभी हम निःशब्द हैं।

कदम चलते रहेंगें,
जब तक श्वास हैं, परिस्थिति से परे,
स्वयं पर हमें विश्वास है।

एक रास्ता मिला नहीं तो किया हुआ,
नई राहें ढूँढ लेगें।
हम वो मुसाफ़िर नहीं,
जो चलना छोड़ देगें।

ख्वाबों को महका के रखते हैं,
हम मंज़िलों से वास्ता रखते हैं,
नशा हमें हमारी फितरत का,
हर हार करती है बुलन्द ...
इरादा जीत का।

ऐ राह के मुसाफिर तू चला चल

कर्ण
एम.ए. प्रथम वर्ष (2422008)

ऐ राह के मुसाफिर तू चला चल,
रूक क्यों जाता है मंज़िल की तलाश में।
तू एक बार ही सही सोच लिया कर,
क्या है तेरी मंज़िल ये पता कर।
एक राह के मुसाफिर तू चला चल ।।

सब रोकेंगे तुझे, टोकेंगे तुझे,
तू ये ना कर तू ये ना कर, बोलेगें तुझे,
पर तू ठहरना ना एक पल के लिए।
बस चला चल, चला चल, चला चल ।।

पैर अगर रूक जाएं, मन अगर बैठ जाए,
सिर पे तेज धूप हो, राह में काँटे खूब हों,
दिन हो, रात हो, ठण्ड हो, बरसात हो।
दरिया हो, समुद्र हो या सामने पहाड़ हो।
देख इनसे घबराना नहीं,
ऐ राह के मुसाफिर तू रूक जाना नहीं ।।

मुश्किलें आयेंगी, अपनो की याद सताएगी,
जब भी तू मंजिल के करीब होगा,
ये बहुत बढ़ जाएंगी।
पर तू इन्हें छोड़ कर, मुँह मोड़ कर,
चलते रहना अपनी राह पे,
पा जाएगा एक दिन अपनी मंजिल को।
बस रूक ना जाना याद में,
ऐ राह के मुसाफिर तू चला चल ।।

शिक्षक

विश्वजीत सिंह
एम.ए. द्वितीय वर्ष (15127)

जीवन में जो राह दिखाए,
सही तरह चलना सिखाए।
मात-पिता से पहले आता,
जीवन में सदा आदर पाता ।

सबको मान प्रतिष्ठा जिससे,
सीखी कर्त्तव्यनिष्ठा जिससे,
कभी रहा ना दूर मैं जिससे,
वह मेरा पथ-दर्शक है जो।
मेरे मन को भाता,
वह मेरा शिक्षक कहलाता ।

कभी है शांत, कभी है धीर,
स्वभाव में वह सदा गम्भीर,
मन में दबी रहे ये इच्छा,
काश मैं उन जैसा बन जाता,
जो मेरा शिक्षक कहलाता ।

पिता-एक लेखक

मोहित
बी.ए. तृतीय वर्ष (10468)

हमारे जीवन में पिता एक लेखक के समान है। जिस प्रकार लेखक अपनी कलम से कविताएँ लिखता है, और अपनी कविता में एक-एक शब्द बड़ी बारीकी से सजाता है। लेखक अपनी कविता को एक सुंदर रूप प्रदान करता है, जिससे लेखक अपनी कलम से समाज में होने वाली अनेक बुराईयों के विरुद्ध कविता लिखता है।

जैसेः- गरीबी, बेरोज़गारी, अशिक्षा, भ्रष्टाचार, नशाखोरी, जातिवाद, बाल-श्रमिक, आतंकवाद, घुसपैठ, टूटते परिवार, दहेज प्रथा, बाल विवाह, भ्रूण हत्या, बाल अपराध, मद्यपान, अस्पृश्यता की समस्या इत्यादि पर लेखक अनेक कविताएँ लिखता है। जिससे वह समाज को जागरुक कर सके, कविता द्वारा समाज में अपना रंग बिखेर सके। लोगों को प्रभावित कर सके, ताकि वे अपने जीवन में उस कविता से कुछ प्रेरणा ले सके।

उसी प्रकार पिता भी अपनी मेहनत, अपने संस्कार व सूझ-बूझ रुपी कलम से हमारे जीवन को लिखते हैं। हमे छोटी-से-छोटी, अच्छी व बुरी बातों का ज्ञान देते हैं। पिता हमें कविता रूपी सुंदर जीवन प्रदान करता है। जिससे हम समाज में होने वाली बुराइयों का साथ ना देते हुए इन बुराइयों के विरुद्ध आवाज उठा सकें और हम समाज में अपना रंग बिखेर सकें। अपने कार्यों से लोगों को प्रभावित कर सकें, ताकि वे भी अपने जीवन में अच्छे कार्य करने की प्रेरणा ले सकें।

जेब खाली है फिर भी सब कुछ देने को तैयार है,
पिता बिना कुछ कहे- समझे, ऐसा दोस्त, मित्र और यार है।
सोने-चांदी के हार, गले की शोभा बढ़ा देता है,
पर बच्चों के जीवन को सँवार दे जो, ऐसा हीरे-सा हार है पिता ।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

शिवम शर्मा
बी.कॉम. प्रथम वर्ष (2412066)

ए-आई का तात्पर्य ऐसे कंप्यूटर सिस्टम के विकास से है जो समस्या-समाधान सीखने और निर्णय लेने जैसे मानवीय बुद्धिमत्ता की आवश्यकता के साथ आसानी से कार्य कर सकते हैं। ए-आई को दो प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है, संकीर्ण एआई और सामान्य एआई। एआई संकीर्ण एआई विशिष्ट कार्य पर ध्यान केंद्रित करता है, जबकि सामान्य एआई का उद्देश्य व्यापक मानव जैसी सांज्ञानात्मक क्षमताओं को प्राप्त करना है।

ए-आई ने कई क्षेत्रों को बदल दिया है। स्वास्थ्य सेवा में, ए-आई बीमारियों को बदलने में मदद करता है और सर्जरी में भी सहायता करता है। वित्त में ए-आई धोखाधडी का पता लगाने, जोखिम प्रबंधन और अन्य वित्तीय चिंताओं को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। हमारे दैनिक जीवन में एआई का व्यापक उपयोग है। स्वचालित कारें, सिरी या एलेक्सा जैसे आभासी सहायक और सोशल मीडिया पर कोई भी व्यक्तिगत सामग्री इसके उदाहरण हो सकते हैं।

ए-आई द्वारा प्रदान किए जा रहे अनेक लाभों के बावजूद, यह अभी भी कई नैतिक, चिंताओं को जन्म देता है। डेटा गोपनीयता, स्वायत्त प्रणालियों की सुरक्षा और नौकरियों के नुकसान जैसे विभिन्न मुद्दे बहस के मुद्दे हो सकते हैं। खैर एआई निगरानी और निर्णय लेने में इसके दुरुपयोग के बारे में चिताएँ उठाता है। जैसे-जैसे एआई का विकास जारी है, इसके जिम्मेदार उपयोग को सुनिक्षित करने के लिए नैतिक दिशा-निर्देश और नियम विकसित करने पर ध्यान केन्द्रित करना महत्वपूर्ण है। ए-आई का उचित प्रबंधन किया जाए, तो यह समाज को कई लाभ पहुँचा सकता है, जिससे दक्षता, नवाचार और जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि हो सकती है।

नारी सशक्तिकरणः चुनौतियाँ एवं सुझाव

सानवी
बी.कॉम. प्रथम वर्ष (2412006)

नारी सशक्तिकरण एक ऐसा विषय है जो आजकल के समाज में बहुत महत्वपूर्ण है। नारी सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को समाज में बराबर का दर्जा दिलाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरुक करना।

लेकिन नारी सशक्तिकरण के रास्ते में कई चुनौतियाँ आती हैं। महिलाओं को समाज में कई प्रकार के भेदभाव और अत्याचार का सामना करना पड़ता है। उन्हें अपने अधिकारों के लिए लड़ना पड़ता है। और समाज में अपनी पहचान बनानी पड़ती है।

इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए हमें कई कदम उठाने होंगे। चुनौतियों के समाधान से पहले महिलाओं के जीवन में आने वाली चुनौतियों को जानना एक महत्वपूर्ण विषय है। नारी को सशक्त करना न केवल समाज का, बल्कि राष्ट्र का भी कर्तव्य है। यह न केवल एक महिला के अधिकारों की बात है,

बल्कि पूरी मानवता की उन्नति की बात है। महिलाए समाज के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, चाहे वह परिवार हो, शिक्षा, विज्ञान, राजनीति या खेल ।

उदाहरणः इन्दिरा गांधी, सायना नेहवाल आदि और भी कई महिलाओं ने यह साबित किया है कि रसोई घर के अलावा भी वह हर काम कुशलता से कर सकती हैं।

नारी शक्ति की प्रमुख चुनौतियाँः

1) **समानता की कमीः** आज भी समाज में महिलाओं को पुरुषों के बराबर का दर्जा नहीं दिया जाता। यह असमानता हर क्षेत्र में महसूस की जाती है, चाहे वह कार्यक्षेत्र हो, राजनीति हो या समाज के अन्य हिस्से ।

2) **शिक्षा का आभावः** हमारे देश में कई ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में लड़कियों की शिक्षा को लेकर कई पूर्वाग्रह है। परिवार की सोच यह होती है कि लड़कियों को शिक्षा की आवश्यकता नहीं है। यही वजह है कि महिलाएं अपने अधिकारों और संभावनाओं से अंजान रहती हैं।

नारी शक्ति के सशक्तिकरण के उपाय

1. शिक्षा का प्रसार 2. समाज में मानसिकता बदलना 3. सुरक्षा और सुरक्षा उपाय में सुधार 4. समान अधिकारों का प्रदान 5. महिला नेतृत्व को बढ़ावा देना

निष्कर्ष- नारी शक्ति का सश्क्तिकरण समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बेहद आवश्यक है। जब महिलाएँ अपनी शक्ति को पहचानेंगी, तो न केवल वे अपने जीवन में सुधार करेंगी बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव लाएँगी।

प्रकृति

मनीषा
एम.ए. द्वितीय वर्ष (2422020)

हरे-हरे खेतों में
बरस रही हैं बूँदे,
खुशी-खुशी से आया सावन
भर गया मेरा आँगन ।।

ऐसा लग रहा है जैसे
मन की कलियाँ खिल गई वैसे,
ऐसा कि आया बसँत
लेके फूलों का जश्न ।।

धूप से प्यारी तेरे तन को
बूँदों ने दी ऐसी अँगड़ाई,
कूद पड़ा मेरा तनमन
लगता है मैं हूँ एक दामन ।।

यह संसार है कितना सुन्दर
लेकिन लोग नहीं उतने अकलमँद,
यही है एक निवेदन
न करो प्रकृति का शोषण ।।

नशा मुक्त भारत

शिल्पा
बी.ए. तृतीय वर्ष (10109)

आओ आज मैं बतलाती हूँ
आपको अपने विचार,
नशे से हो जाता है, जीवन ये बेकार।
पान-पत्ती छोड़ कर, खाओ सेब-अनार,
उम्र बढ़ाने का सपना, कर लेना साकार।
चाय-कॉफी छोड़ कर, पियो दूध निर्विकार,
इससे बनोगे स्वस्थ तुम, बस में होगा संसार।
दारू-विस्की छोड़ कर, कर लो धर्म - ध्यान,
वरना फिर पछताओगे, हो न सकेगा कल्याण।
सादा जीवन-उच्च विचार, यह है हमारा नारा
इस नारे को अपना कर, कर लो स्वप्न साकार।
सबको यही बताना है, नशे को दूर भगाना है।
जन - जन का है यह संदेश,
नशा मुक्त हो अपना देश।
हमको यही बतलाना है
नशे को दूर भगाना है,
खुद को हमें जगाना है।
नशा चाहे जैसा भी हो, होता यह बेकार है
शरीर तोड़ता बीमारी लाता,
कर देता लाचार है।
सबको यही बताना है, नशे को दूर भगाना है।
सबको यही बताना है, नशे को दूर भगाना है।

"चले चलो"

अंजली सहरावत
एम.ए. प्रथम वर्ष (2422003)

ना रुको कभी, ना थको कभी,
बस राहों पर अपनी चले चलो,
चले चलो।

मुश्किलें आएंगी हज़ार, मानना ना कभी हार,
मंज़िलों की ओर ए मुसाफिर,
बढ़े चलो, चले चलो।

ज़िन्दगी की कविता को समझो,
अल्फाज़ों में न उलझो,
हम एक नज़्म को तबियत से पढ़ें,
चले चलो ।

तूफान से भरे समुद्र में, विकराल लहरों पे,
अपनी मन की कश्ती पर
संभले चलो, चले चलो ।

चट्टानों को पार करते हुए,
सपनों पर धार करते हुए,
जीवन पर्वत शिखर पर,
चले चलो, चले चलो ।।

समय का सदुपयोग

अनमोल
बी.ए. द्वितीय वर्ष (13274)

समय जीवन का सबसे मूल्यवान उपहार है जिसका सही उपयोग व्यक्ति को सफलता की ओर ले जाता है।

समय एक बार बीत जाने के बाद लौटकर नहीं आता, इसलिए इसका सदुपयोग अंत्यत आवश्यक है।

जो व्यक्ति अपने समय का सही प्रबंधन करता है, वह जीवन में आगे बढ़ता है। विद्यार्थियों के लिए समय का सही उपयोग विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि पढ़ाई के लिए उचित समय देना उज्ज्वल भविष्य का आधार बनता है।

समय का सदुपयोग करने वाले लोग अनुशासित होते हैं, और जीवन में कम तनाव महसूस करते हैं। वे अपने काम को समय पर पूरा कर लेते हैं, जिससे उन्हें संतुष्टि मिलती है। इसके विपरीत, जो लोग समय बर्बाद करते हैं, वे अक्सर पछताते हैं। सफलता प्राप्त करने के लिए हमें समय का प्रबन्धन करना चाहिए और व्यर्थ के कार्यों में इसे नष्ट नहीं करना चाहिए।

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका

अरूण
बी.ए. तृतीय वर्ष (10145)

